विधान सभा प्रश्न

विभाग का नामः	पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन
प्रश्न संख्या तारांकितः	1376
उत्तर की तिथिः	13–02–2019
विषयः	पार्किंग व्यवस्था ।
प्रश्नकर्ता का नामः	श्री पवन नैय्यर (चम्बा)
सम्बन्धित मन्त्रीः	मुख्य मन्त्री।

प्रश्नः	उत्तर
चम्बा में पार्किंग और हॉस्पिटल से बालू के लिए अल्टरनेटिव रोड़ के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?	सूचना सभा पटल पर रख दी गई है।

***

तारांकित विधान सभा प्रश्न संख्याः 1376 जो कि श्री पवन नैय्यर (चम्बा) माननीय विधायक द्वारा पार्किंग व्यवस्था के बारे पूछा गया है, का उत्तर।

- चम्बा में पार्किंग और हॉस्पिटल से बालू के लिए अल्टरनेटिव रोड के निर्माण की परियोजना एशियन डवैल्पमैंट बैंक (ADB) के माध्यम से करवाई जानी प्रस्तावित थी, जिसके लिए परियोजना क्रियान्वयन ईकाई पर्यटन संरचना विकास निवेश कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश (IDIPT-HP) ने दो बार निविदाएं आमंत्रित की थी। पहली बार निविदा 13–06–2018 को आमंत्रित की गई, जिसकी जमा करने की अंतिम तिथि 16–07–2018 थी परन्तु इसमें केवल एक ही निविदा प्राप्त हुई और यह निविदाकर्ता योग्य नहीं पाया गया। दूसरी बार निविदा 14–08–2018 को आमंत्रित की गई, जिसकी जमा करने की अंतिम तिथि 13–09–2018 थी, परन्तु इस बार किसी भी ठेकेदार से निविदाएं प्राप्त नहीं हुई। अतः एशियन डवैल्पमैंट बैंक (ADB) द्वारा कार्य आबंटन की निर्धारित की गई समयावधि में यह कार्य आबंटित नहीं हो सका। इसलिए परियोजना क्रियान्वयन ईकाई पर्यटन संरचना विकास निवेश कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश (IDIPT-HP) ने इस परियोजना को रद्द कर दिया।

***